Regarding Need to curb the pollution in Kanhan river and ensure adequate supply of water from Pench Dam to farmers for irrigation purposes- Laid

श्री श्यामकुमार दौलत बर्वे **(रामटेक) :** मैं सरकार का ध्यान रामटेक लोकसभा क्षेत्र की अत्यंत गंभीर समस्याओं की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ जो कि वहाँ की जनता, विशेषकर किसानों और आदिवासी समुदायों को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित कर रही हैं । कन्हान नदी नागपुर एवं छिंदवाड़ा जिलों से होकर बहती है और वैनगंगा की प्रमुख सहायक है । वर्तमान में यह नदी औद्योगिक और शहरी अपशिष्ट से अत्यधिक प्रदूषित हो चुकी है । नागपुर महानगर, कन्हान औद्योगिक क्षेत्र और हिंगना से सीवेज और रसायनयुक्त अपशिष्ट अनियंत्रित रूप से नदी में डाला जा रहा है । महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार जल गुणवत्ता "C" अथवा "D" ग्रेड की श्रेणी में आ चुकी है, जो न तो पीने योग्य है, न ही कृषि या पशुपालन के लिए सुरक्षित । नदी किनारे बसे गांवों में त्वचा रोग, जलजनित बीमारियाँ और संक्रमण तेजी से बढ़े हैं । पेंच डेम से जल आपूर्ति असमान है । डेम से छोड़ा गया पानी केवल ऊपरी क्षेत्रों तक सीमित रह जाता है, जबकि मौदा, पारशिवनी, कुही और उमरेड के किसान पानी से वंचित रह जाते हैं । इससे फसलें सूख रही हैं, किसान संकट में हैं । कन्हान नदी हेतु प्रदूषण नियंत्रण अभियान चलाया जाए, पेंच डेम जल वितरण से किसानों को सिंचाई हेतु प्रर्याप्त जल आपूर्ति की जाए ।